हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 74 | पटना, सोमवार , 29 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# कांग्रेस सरकार कर्नाटक को तबाह करने में जुटी है: प्रधानमंत्री

दिल्ली, (नवशक्ति)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज रविवार को कर्नाटक के बेलगावी, उत्तर कन्नड़ और दावणगेरे में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस की विभाजनकारी मानसिकता और राजा-महाराजाओं के बारे में अपशब्दों का प्रयोग करने के लिए राहुल गांधी पर करारा प्रहार किया।

श्री मोदी जी ने कहा कि हम सभी छत्रपती शिवाजी महाराज और भगवान बसवेश्वर को मानने वाले लोग हैं। छत्रपती शिवाजी महाराज ने शक्तिशाली भारत बनाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। भगवान बसवेश्वर ने अनुभव मंडपम से लोकतंत्र का रास्ता बताया। पिछले 10 वर्षों में भारत शक्तिशाली हुआ है जिस पर देश की जनता को गर्व है। आज भारत की पहचान लोकतंत्र की जननी के रूप में होती है। पिछले 10 वर्षों में भारत के 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठे है, जिससे हर देशवासी का आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत जब आगे बढ़ता है तो हर भारतीय खुश होता है लेकिन कांग्रेस देश हित से इतना दूर हो चुकी है, परिवारहित में इतनी उलझ गई है कि उसे देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती है। कांग्रेस ने एचएएल को लेकर भी भ्रम फैलाया था। कांग्रेस ने कोरोना काल में भारत में बनी वैक्सीन के खिलाफ भी विरोध किया था और उसे भाजपा वैक्सीन का नाम दे दिया। अब कांग्रेस को भारत की हर सफलता पर शर्म आती है। कांग्रेस आज के समय में ईवीएम को लेकर सवाल उठा रही है और दुनियाभर में भारत के लोकतंत्र को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। हाल में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस को और उनकी पूरी टोली को करार जवाब दिया है। सवाल उठता है कि आखिर कांग्रेस देश का नुकसान होने वाली बातों पर झूठ फैलाकर लोगों का विश्वास तोड़ने का काम किसके इशारे पर कर



रही है? कांग्रेस ने इतने महत्वपूर्ण विषय पर झूठ बोलकर देश के लोकतंत्र को बर्बाद करने का षड्यन्त्र रचा है। कांग्रेस को समग्र देश से माफी माँगनी चाहिए।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कांग्रेस की गुटबाजी जल्द ही जनता के सामने आने वाली है और सारे गुट हार का ठीकरा एक दूसरे पर फोड़ते नजर आएंगे। देश की 280 करोड़ निगाहें पिछले 10 वर्षों में मोदी को देखकर सही गलत का फैसला कर रही हैं और आज ये निगाहें जानती हैं कि आज का मोदी जनता के लिए जिंदगी खपाने वाला मोदी है। देशवासियों के लिए न कभी थकूंगा, न कभी रूकूंगा और न कभी झुकूंगा ये मोदी की गारंटी है। खराब नीतियों के कारण कांग्रेस कर्नाटक के युवाओं और महिलाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इंडी गठबंधन के पास देश चलाने के लिए कोई नाम ही नहीं है इसीलिए इस गठबंधन ने हर वर्ष नए प्रधानमंत्री का फॉमूर्ला निकाला है। देश की जनता ऐसे लोगों को लिए अपना वोट बर्बाद नहीं कर सकती। कर्नाटक में कांग्रेस ने नई शिक्षा नीति पर रोक लगा दी। कांग्रेस ने देश में भ्रष्टाचार और लाखों करोड़ों के घोटाले करने का पाप किया है। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी स्वयं कहते थे कि सरकार से 100 पैसे भेजने पर लाभार्थी के पास केवल 15 पैसे ही भेजते हैं। कांग्रेस सरकार में 10 करोड़ ऐसे लाभार्थियों को लाभ दिया जाता था जिनका कभी जन्म ही नहीं हुआ था और भाजपा ने इन नामों को काटकर भ्रष्टाचार खत्म किया है लेकिन आज पूरा का पूरा लाभ सीधे डीबीटी के जरिए लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजा जाता है। कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने एससी, एसटी वेलफेयर फंड के 11 हजार करोड़ रुपए किसी अन्य वर्ग को बांट दिए।

यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा और एनडीए सरकार ने देश के नागरिकों की ईज ऑफ लिविंग के लिए बहुत काम किया है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण है भारतीय न्याय संहिता। अभी तक कांग्रेस पार्टी मानसिक रूप से अंग्रेजों की गुलामी रही, कांग्रेस नेता तिरंगा फहराकर तो आजादी की बात करते थे लेकिन हर कानून व्यवस्था में मन से अंग्रेजों की गुलामी कर रहे थे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गुलामी के कालखंड से प्रेरित आजादी के पहले का कानून आपराधिक न्याय प्रणाली को हटा दिया और अब भारत में न्याय संहिता में दंड को नहीं बल्कि नागरिकों को न्याय मिलने को प्राथमिकता दी गई है। इसमे आतंकवाद से जुड़े कानूनों को भी पहले से ज्यादा सख्त किया गया है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में इलेक्ट्रॉनिक सबूतों को लेकर नए प्रावधान किए गए हैं। 1 जुलाई से लागू होने के बाद यह संहिता देश के हर नागरिक को बहुत मदद करने वाली है, लेकिन जब से कर्नाटक में कांग्रेस सरकार आई है तब से पूरे राज्य में कानून व्यवस्था बहुत खराब हुई है। श्री मोदी ने कहा कि बेलगावी में एक आदिवासी बहन के साथ जो हुआ, चिक्कोडी में जैन मुनि के साथ जो हुआ वो बेहद ही शर्मसार करने वाला है।

## संपादकीय

# वेंकैया नायडू ने कहा मुफ्त की रेवडियां देने के विरुद्ध हूं

जयप्रकाश चौधरी



भाजपा नेता एम. वेंकैया नायडू का झुकाव बचपन से ही राजनीति की ओर था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्र सरकार में मंत्री से लेकर उपराष्ट्रपति के पद तक पहुंचे। 23 अप्रैल को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। एम. वेंकैया नायडू के साथ कभी किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं जुड़ा तथा वह सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में शुरू से ही हिस्सा लेते रहे। इन दिनों जब देश में लोकसभा चुनावों के दौरान दल-बदल व राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को विभिन्न प्रलोभन मुफ्त की रेवडियां देने का सिलसिला जोरों पर है, श्री नायडू ने 23 अप्रैल को अपने निवास स्थान पर आयोजित समारोह में बोलते हुए उक्त दोनों ही मुद्दों पर बेबाक टिप्पणियां कीं। दल-बदल विरोधी कानून को मजबूत बनाने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने चुनावों में टिकटों के लिए एक पार्टी से दूसरी पार्टी में कूद जाने और पार्टी का टिकट मिलते ही नए नेता का गुणगान तथा पुराने नेता का अपमान शुरू कर देने वालों की आलोचना की और कहा : सुबह के समय आप एक पार्टी में होते हैं, दोपहर को किसी दूसरी पार्टी में चले जाते हैं और अगले दिन आपको चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिलते ही आप अपने नए नेता का गुणगान करना और पुराने नेता को अपशब्द बोलना शुरू कर देते हैं। यह एक नया परेशान करने वाला रुझान है। लोकतंत्र में दल बदलने की अनुमति है परंतु लोगों को इससे बचना तथा अपने मूलदलों में काम करके अपनी साख साबित करनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति पार्टी बदलना चाहता है तो उसे पुरानी पार्टी द्वारा दिए गए सब पदों से त्यागपत्र देने के बाद ही दूसरी पार्टी में शामिल होना चाहिए। 50 साल से एक ही पार्टी के साथ जुड़े वेंकैया नायडू ने बलपूर्वक यह बात कही कि दल-बदली विरोधी कानून को मजबूत किया जाना चाहिए। आरोप लगाने की बात तो समझ में आती है परंतु अपने पहले नेता के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह किसी विशेष पार्टी का उल्लेख नहीं कर रहे। यहीं पर बस नहीं, वेंकैया नायडू ने चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त के उपहारों और प्रलोभनों के वायदों पर भी टिप्पणी की है। इसे एक हानिकारक रुझान करार देते हुए उन्होंने कहा : राज्यों पर लाखों करोड़ों रुपए का बोझ होने के बावजूद नेतागण सब कुछ मुफ्त में देने का वायदा कर रहे हैं। अपने घोषणा पत्रों में राजनीतिक दलों को बताना चाहिए कि वे इधर-उधर की जिन योजनाओं की घोषणा कर रहे हैं, उन्हें लागू करने के लिए धन कहां से आएगा? वे इसकी व्यवस्था किस प्रकार करेंगे? उन्होंने कहा कि मैं फ्रीबीज मुफ्त की रेवडियां देने के विरुद्ध हूं। मेरा मानना है कि केवल स्वास्थ्य और शिक्षा मुफ्त होनी चाहिए, बाकी सब फ्रीबीज को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। राजनीतिक दलों को अपने राज्य की वित्तीय स्थिति के अनुरूप ही योजनाएं लानी चाहिएं। आखिर हर चीज मुफ्त कैसे दी जा सकती है? पैसे पेड़ों पर नहीं उगते। लोगों को भी बड़े-बड़े वायदों को लेकर संबंधित दलों के नेताओं से सवाल करने चाहिएं। अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने वाले और खुले तौर पर भ्रष्टाचार के लिए चर्चित उम्मीदवारों को अस्वीकार करने की सलाह भी श्री नायडू ने दी है।

# मोदी अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं, पटनायक कुछ चुनिंदा लोगों के लिए: राहुल गांधी



कटक। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र में अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है। गांधी ने कटक के सालेपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि भले ही बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इसे साझेदारी कहें या कुछ और नाम दें लेकिन बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं। गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही पटनायक मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वी के पांडियन चला रहे हैं।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी और पटनायक की कथित साझेदारी पर निशाना साधते हुए कहा, अंकल-जी और नवीन-बाबू ने ओडिशा को पीएएनएन दिया है, अर्थात पांडियन, अमित शाह, नरेन्द्र मोदी और नवीन पटनायक। उन्होंने आपका धन लूट लिया है। उन्होंने कहा, खनन घोटाले के जरिये नौ लाख करोड़ रुपये लूटे गए। जमीन हड़पकर 20,000 करोड़ रुपये लूटे गए। पौधारोपण घोटाला 15,000 करोड़ रुपये का था। जैसे ही यहां और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनेगी, हम आपको आपका पैसा वापस देना शुरू कर देंगे। गांधी ने दावा किया कि इसी तरह, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) भाजपा के साथ काम करती थी और कांग्रेस पार्टी ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया।

कांग्रेस नेता ने कहा, नवीन-बाबू ने आपको पांडियन दिया है, मैं आपको बताऊंगा कि कांग्रेस आपको क्या देगी। अगर हम केंद्र की सत्ता में आये तो पांच क्रांतिकारी कार्य करेंगे। हम सभी गरीब परिवारों की एक सूची बनाएंगे और एक परिवार से एक महिला का चयन किया जाएगा तथा हम उसके बैंक खाते में सालाना एक लाख रुपये हस्तांतरित करेंगे। यह 8,500 रुपये प्रतिमाह है। उन्होंने कहा, हम एक योजना लाएंगे- पहली नौकरी पक्की। डिग्री और डिप्लोमा वाले सभी बेरोजगार युवाओं को अप्रेंटिसशिप मिलेगी, हम आपको एक साल के लिए आपकी पहली नौकरी की गारंटी देंगे। यह सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र, सरकारी अस्पतालों और कार्यालयों में लागू होगा। गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस ओडिशा में सरकार बनाती है, तो वह महिलाओं को 2,000 रुपये प्रतिमाह, बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपये प्रतिमाह, 200 यूनिट मुफ्त बिजली और 500 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से एलपीजी प्रदान करेगी।

# इस बार का लोकसभा चुनाव जनता बनाम भाजपा: डा. अखिलेश सिंह

पटना, (नवशक्ति)। इस लोकसभा चुनाव में महागठबंधन की भारी जीत सुनिश्चित है। दूसरे चरण के मतदान के बाद यह बात साफ हो गई है। जनता इस बात को समझ चुकी है कि मोदी संविधान को बदलने की नापाक मंशा पाल रखी है इसलिए इस बार का चुनाव जनता बनाम भाजपा बन चुकी है। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने रविवार को पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। पटना जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्देश्य था पाटना साहिब के उम्मीदवार एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के बेटे अंशुल अभिजीत के पक्ष में वातावरण



तैयार करने का।

डा. सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार में महागठबंधन के पक्ष में हवा बन चुकी है और यही हालत पूरे देश भर में है। उन्होंने कार्यकताओं को चुनाव में जान झोकने का आह्वान किया। विधानमंडल दल के नेता डा0 शकील अहमद खान ने कांग्रेस द्वारा दी गई गारंटियों के फायदे के बारे में लोगों को समझाने की सलाह दी। अंशुल अभिजीत ने कहा कि पटना साहिब में कांग्रेस का झंडा बुलन्द करने के उद्देश्य से आये हैं और उन्हें विश्वास है कि इस बार पटना साहिब से भाजपा को हरा कर दम लेंगे।

कार्यकर्ता सम्मेलन के अवसर पर भाजपा के किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष पप्पू कुमार के साथ करीब आधा दर्जन कार्यकर्ता भाजपा छोड़ कांग्रेस का हाथ थामा। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

निम्न लोग इस अवसर पर शामिल रहे- कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा0 शकील अहमद खान, विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, श्याम सुन्दर सिंह धीरज, निर्मल वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, शशि रंजन, अम्बुज किशोर झा, प्रवीण सिंह कुशवाहा, शरवतजहां फातिमा, आलोक हर्ष, उमेश कुमार राम, वैद्यनाथ शर्मा, विनोद यादव, कुमार आशीष, अशफर अहमद, आशुतोष शर्मा, परवेज अहमद, शरीफ रंगरेज,मनोज मेहता,निधि पाण्डेय,राजीव मेहता, निशांत करपटने इत्यादि।

# अपनी करनी का फल भोग रहे हैं हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

लोहरदगा,(नवशक्ति)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 28 अप्रैल को लोहरदगा के भंडरा में ठाकुरबाड़ी के सामने आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने लोहरदगा से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील जनता से की।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता की जरूरत को समझते हैं। उसकी चिंता करते हैं। इंडी गठबंधन के लोग अपने परिवार की चिंता करते हैं। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार बनने के बाद पिछले 4 वर्षों से लूट की कहानी आप चारों तरफ से सुन रहे होंगे। कोयला, बालू, पत्थर, लोहा सब लूटा गया है। यहां तक कि सरकारी और सेना की जमीन को भी इन लोगों ने नहीं छोड़ा। फर्जी कागज बनाकर इसकी भी लूट की। यही कारण है कि आज हेमंत सोरेन जेल में है। ये लोग परिवार और पैसे के लिए राजनीति करते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन को किसी ने फंसाया नहीं है।वह खुद फंसे हैं। उन्होंने कहा कि लूट के प्रति उन्होंने हेमंत सोरेन सचेत किया था। कई पत्र लिखा था। कहा था कि लूट हो रही है। जांच कर कर दोषी पर कार्रवाई करें। हेमंत सोरेन कार्रवाई करने के बजाय चोर और लुटेरों को संरक्षण दे रहे थे। उन्होंने जैसा काम किया था, वैसा उनको फल मिला है। आज देश में कोई भी ऐसा मुख्यमंत्री नहीं है, जो अपने नाम से खदान का लीज लेता हो। कोई भी ऐसा मुख्यमंत्री नहीं है



जो अपनी पत्नी के नाम से औद्योगिक क्षेत्र में जमीन लीज पर लेता हो। यह काम हेमंत सोरेन ने किया। ऐसे में जेल कौन जाएगा, भुगतना तो उन्हें ही पड़ेगा।

श्री मरांडी ने कहा की इंडी गठबंधन के लोग झारखंड और विकास विरोधी है। देश आजाद होने के समय से ही झारखंड अलग राज्य गठन की लड़ाई चल रही थी। पहले जयपाल सिंह ने यह मांग उठाई थी। कांग्रेस ने जयपाल सिंह को अपने में मिला लिया। पैसे से खरीद लिया। उसके बाद शिबू सोरेन ने लड़ाई लड़ी। सरकार बचाने के लिए शिबू सोरेन को भी पैसे से खरीद लिया। सीबीआई जांच होने पर शिबू सोरेन को जेल तक जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछले 50-60 साल से देश की सत्ता में थी। अगर वह चाहती तो झारखंड कब का अलग राज्य बन गया होता, लेकिन उसने कभी झारखंड के लोगों की भावना का सम्मान नहीं किया। झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन करने वाले लगातार पैसे पर बिकते रहे। भारतीय जनता पार्टी ने लोगों से वादा किया था कि सत्ता में आने पर झारखंड अलग राज्य का गठन करेगी। अटल बिहारी वाजपेई की केंद्र में सरकार बनते ही 15 नवंबर, 2000 को झारखंड अलग राज्य का गठन हु। झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है।

श्री मरांडी ने कहा है कि इंडी गठबंधन के लोग विकास विरोधी हैं। पहले गांव में लालटेन और ढिबरी का जमाना था। केरोसिन के लिए संघर्ष होता था। इसे लेकर हो हल्ला होता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद घर-घर बिजली पहुंच गई है। आज लोग ढिबरी और लालटेन जलाना भूल गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव और घरों की तस्वीर बदल दी है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोहरदगा से एनडीए का प्रत्याशी समीर उरांव को भारी बहुमत से विजयी बनाकर दिल्ली भेजना है। फिर से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनाना है। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने गरीबों की चिंता की। उन्हें पक्का मकान दिया। महिलाओं को गैस का कनेक्शन दिया। झोपड़ी तक में गैस का कनेक्शन पहुंचा दिया। महिलाओं और बहनों की इज्जत के लिए घरों में शौचालय दिया। कोरोना के समय स्थिति बहुत गंभीर हो गई थी। कल कारखाने सब बंद हो गए थे।

# वरिष्ठ आईएएस ने बताये यूपीएससी में सफल होने के गुर

- दिल्ली में अभियान - 40 (आईएएस) का नया कार्यालय का शुभारंभ
- तैयारी की सही रणनीति हो तो पढ़ने में कमजोर बच्चे भी बन सकते हैं आईएएस : गिरिवर दयाल सिंह

दिल्ली। यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने के लिए कठिन मेहनत के साथ ही सही रणनीति व उचित मार्गदर्शन भी जरूरी है। यही नहीं इस परीक्षा में सफल होने के लिये यह भी जरुरी नहीं कि वह अपने कॉलेज का टॉपर ही हो। यदि ऐसा होता तो सभी कॉलेज में टॉप करने वाले बच्चे ही आईएएस बनते, जबकि हकीकत में ऐसा नहीं है। एक अध्ययन में देखा गया है कि बहुत सारे बच्चे जो शुरू के दिनों में पढ़ाई में अव्वल थे, वे कुछ खास उपलब्धि नहीं प्राप्त कर सके। वहीं उनके साथ पढ़नेवाले कमजोर बच्चे बहुत आगे निकल गए। ऐसे में, अभी तक की असफलता से आपको घबराने की जरुरत नहीं है। कठिन मेहनत व सही दिशा में तैयारी करें। सफलता आपकी कदम चूमेगी। ये बातें रविवार को नई दिल्ली स्थित नेहरू विहार में 'गौतम बुद्धा ग्रामीण विकास फाउंडेशन' की ओर से संचालित 'अभियान - 40 (कअर)' का कार्यालय के शुभारंभ के मौके पर बिहार के वरिष्ठ आईएएस गिरिवर दयाल सिंह ने कही। इस मौके पर उमेश प्रताप सिंह (कअर), संजीव



कुमार, अपर सचिव पर भारत सरकार, नई दिल्ली, रंजीत कुमार मधुकर (कअर) आयकर विभागा भारत सरकार नई दिल्ली, विलास कुमार (अभियान-40 (आईएएस) के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष, राकेश कुमार (अभियान 40 आईएएस, दिल्ली के सेंटर हेड), निशा शर्मा (अभियान 40 आईएएस, जयपुर के सेंटर हेड), दुर्गा कुमारी अभियान 40 आईएएस, पटना के सेंटर हेड), डॉ. संतोष कुमार (सहायक प्रोफेसर दिल्ली), संजय भाई। बिहारी वेलफेयर सोसाईटी के अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

इस मौके पर संस्थान के निदेशक बिलास कुमार ने कहा कि इस संस्थान में वे तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है जो देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में मिलती है। उन्होंने कहा कि बिहार एवं उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं जयपुर में अब तक इसकी पांच शाखायें हैं। इसी कड़ी में, अब नई दिल्ली में इस दूसरी शाखा का उद्घाटन किया गया है।

# पुलिस जवानों से भरी बस में पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर, 1 ड्राइवर सहित 2 जवान की मौत

गोपालगंज (संवाददाता)। गोपालगंज से आ रही है जहां गोपालगंज से तीसरे चरण में सुपौल में होने वाली चुनाव ड्यूटी के लिए जा रही सुरक्षा बलों की तीन बसों में एक ट्रक ने बस में टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर खड़ी बसें दुर्घटनाग्रस्त हो गयी हैं। इस हादसे में एक बस के ड्राइवर और कांस्टेबल की मौत हो गयी है जबकि आधा दर्जन से अधिक जवान गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक जवान की पहचान पवन कुमार के रुप में हुई है, जो बगहा जिले का निवासी था। बस दुर्घटना सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा मोड़ के पास एनएच-27 के पास की है। बता दें कि पुलिस लाइन से तीन



बसों में कुल 242 महिला व पुरुष जिला बल के जवान चुनाव ड्यूटी में सुपौल जा रहें थे। इसी दौरान रास्ते में बरहिमा मोड़ के पास बस रोककर सभी पुलिस बल के जवान नाश्ता कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार में आई एक कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में अशोक उरांव नाम के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से पांच एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम को मौके पर भेजा गया और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जो की इलाज के दौरान एक जवान की भी मौत हो गयी ।

# लेखक जियालाल आर्य की लेखन-शैली मोहित करती है : नंद किशोर यादव

**पटना (नवशक्ति)।** वरिष्ठ लेखक श्री जियालाल आर्य की लेखन शैली मोहित करती है। उनका उपन्यास 'सफेद चादर' एक ऐसी रचना है, जिसे पढ़ना आरंभ करने के बाद समाप्त किए बिना छोड़ने का मन नहीं करता। समाज को केंद्र में रखकर अनेक उपन्यास लिखे गए हैं, किंतु श्री आर्य का यह उपन्यास हिन्दी साहित्य में विशेष महत्त्व रखता है।

यह बातें रविवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, बिहार के पूर्व गृह सचिव और वरिष्ठ लेखक जियालाल आर्य के उपन्यास 'सफेद चादर' का लोकार्पण करते हुए, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कही। श्री यादव ने कहा कि पुस्तक के लेखक भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में, समाज के विभिन्न स्तरों से जुड़े रहे हैं। इनके सामाजिक सरोकारों और अनुभवों से इनकी लेखनी समृद्ध हुई है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि, लोकार्पित पुस्तक के लेखक एक संवेदनशील और गहन सामाजिक-दृष्टि रखने वाले रचनाकार हैं। 'सफेद चादर' में इनकी लोक-चेतना और जीवन के अनेक मूल्यों को अभिव्यक्ति मिली है। यह एक मर्म-स्पर्शी और हिन्दी उपन्यास में विशेष स्थ्स्स्न रखने वाली अत्यंत मूल्यवान कृति है, जिसमें आंचलिकता और ग्राम्य-जीवन के विविध पहलुओं के साथ जीवन-संघर्ष, जिजीविषा और जीवटता को शक्ति मिली है। कथा-नायिका के माध्यम से लेखक ने यह सिद्ध किया है कि जीवन और समाज के प्रति आस्था रखने वाले लोग कभी पराजित नही होते। वे समाज के होते हैं और समाज उनका हो जाता है।



समारोह के मुख्यअतिथि और राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि लोकार्पित पुस्तक के लेखक अपनी प्रशासनिक सेवा की भाँति साहित्य-सेवा में भी प्रशंसनीय प्रतिष्ठा अर्जित की है। लोकार्पित पुस्तक से हिन्दी के पाठक अवश्य ही लाभान्वित होंगे।

पुस्तक के लेखक जियालाल आर्य ने कृतज्ञता-ज्ञापित करते हुए, कहा कि, यह पुस्तक एक सच्ची कहानी पर आधारित है। इस कथा की नायिका की संघर्ष-गाथा और उनके त्याग-बलिदान का मैं साक्षी रहा हूँ। यह एक भारतीय गाँव की कहानी है, जिसके अनेक पात्र अब भी जीवित हैं। कथा-नायिका के महान संघर्ष और उनकी समाज-सेवा ने मुझे इसे उपन्यास का रूप देने के लिए प्रेरित किया। यह संघर्षरत लोगों के लिए प्रेरणादायक सत्य-कथा है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि और दूरदर्शन, बिहार के कार्यक्रम-प्रमुख डा राज कुमार नाहर, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, डा ध्रुव कुमार तथा डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए । मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन के प्रबंध मंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया।


इस अवसर पर, आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में, डा शंकर प्रसाद ने 'रंग' शीर्षक से, कुमार अनुपम ने 'थप्पड़', डा पुष्पा जमुआर ने 'नजरिए की बात', मीना कुमारी परिहार ने 'अक़्ल पर पत्थर', प्रभा कुमारी ने 'जाड़े की रात', प्रियंका ने 'हिन्दी का महत्त्व', बिंदेश्वर प्रसाद गुप्त ने 'दंश' तथा डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने 'सुख का अनुभव' शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। समारोह में, डा शालिनी पाण्डेय, नीता सहाय, नरेंद्र कुमार झा, डा चंद्रशेखर आजाद, डा कुंडन लोहानी, आनन्द शर्मा, अधिवक्ता दीपक कुमार, सच्चिदानन्द शर्मा, कवि पंकज वसंत, भास्कर त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में सुधीजन और साहित्यकार उपस्थित थे।

## हथियार लहराते युवक का वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस



**जहानाबाद।** प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद अपराध पर अंकुश नहीं लग रहा है। इसी कड़ी में जहानाबाद में अवैध हथियार लहराते एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक बार बालाओं के साथ हथियार लहराते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो भेलावर ओपी क्षेत्र के कनकबीघा गांव की बताई जा रही है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक शादी समारोह में बार बालाएं डांस कर रही थी इसी बीच एक युवक हथियार के साथ स्टेज पर चढ़ कर बार बालाओं के साथ डांस करने लगा। डांस का वीडियो किसी ने बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो को लेकर एसडीपीओ-2 संजीव कुमार ने बताया कि हथियार लहराता हुआ एक वीडियो की सूचना मिली है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच में जुट गई है। उन्होंने बताया कि वीडियो कनकबीघा गांव की जहां 26 अप्रैल को ग्रामीण सुरेश प्रसाद की बेटी की शादी में डांस प्रोग्राम चल रहा था। इसी प्रोग्राम में गांव का ही एक युवक हथियार लहरा रहा था। युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तारी की बाद ही स्पष्ट हो पाएगा यह युवक हथियार कहां से लाया और या फिर युवक हथियार का सप्लायर है सभी बिंदु पर जांच की जा रही है।

# लालू परिवार पूरी तरह से नाउम्मीद व निराश, हार के डर कर रहे बेतुकी बयानबाजी : मंगल पांडेय



**पटना,(नवशक्ति )।** कहते हैं कि उम्मीद पे जीता है जमाना, वो क्या करें जिसको कोई उम्मीद ही न हो, कुछ ऐसे ही अंदाजे बयां में सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने लालू परिवार पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त की संभावनाओं से पूरा लालू परिवार नाउम्मीदी व निराशा के भाव में घिर चुका है। उन्हें ये समझ नहीं आ रहा कि अब जनता के बीच कौन सी असत्य बातें बोली जाए और किस प्रकार का भ्रम फैलाया जाए। वो क्या करें जब उनको ये उम्मीद ही न हो कि चुनाव में उनका खाता भी खुलेगा। ऐसी विषम परिस्थितियों में पूरा लालू परिवार नाउम्मीदी के घने कोहरे में घिरता जा रहा है। जनता उनकी एक भी बात मानने या सुनने को तैयार नहीं है। लालू जी का कुनबा घोर निराशा में आकर अनर्गल बयानबाजी पर उतर गया है। श्री लालू यादव जी का पूरा परिवार आगामी लोकसभा चुनाव के परिणामों से अवगत होकर अभी से होपलेस गया है।

श्री पांडेय ने कहा कि लालू जी के परिवार को मालूम हो गया कि जनता ने उनको पूरी तरह से रिजेक्ट कर दिया है। इसलिए नाउम्मीदी के भाव में परिवार के अलग - अलग सदस्य बिना सर पैर का बयान दे रहे हैं। परिवार के अलग - अलग सदस्य होपलेस होकर अपनी - अपनी निराशा भरी बातें जाहिर करने लगे हैं । देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गरीबों के लिए विकास योजनाएं, आर्थिक नीति, नौकरी एवं रोजगार की गारंटी, महिला सशक्तिकरण , किसानों को आर्थिक संपन्नता, विदेश नीति व पीएम मोदी की कई अन्य गारंटियों ने इंडी गठबंधन की नींव हिला दी है। दो चरणों के मतदान के बाद राजद - कांग्रेस को समझ आ गया कि परिणाम उनके विपरीत है। राष्ट्रवाद से लेकर जनहित के मुद्दे हावी हैं। ऐसे में नफरत के सौदागर व तुष्टिकरण के अगुवा इन नेताओं की दुकानदारी ठप्प होती दिख रही है। पीएम मोदी की लोकप्रियता से घबराकर पूरा लालू परिवार निराशा से घिर गया है। इंडी गठबंधन की शिकस्त तय है।

# अनुमंडल प्रशासन द्वारा जन सहयोग से मतदाता जागरूकता हेतु रन फॉर वोट' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बृजेश गोस्वामी**
**पटना सिटी,(नवशक्ति)।** अनुमंडल प्रशासन द्वारा जन सहयोग से मतदाता जागरूकता हेतु 'रन फॉर वोट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंगल तालाब पूर्वी गेट से आरंभ होकर मनोज कमलिया स्टेडियम में जाकर संपन्न हुआ।इसमें अनेकानेक सामाजिक- सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त विभिन्न खेलों से जुड़े राज्य एवं राष्ट्रीय-स्तर के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। मरकज दारुल उलूम एमादीया एवं सिटी ताइकवांडो क्लब के प्रतिनिधियों की भागीदारी उल्लेखनीय रही।दौड़ के पूर्व होली विजन इंटरनैशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता को समर्पित स्किट- 'हम भारत के मतदाता' के मंचन से हुआ।




अनुमंडल पदाधिकारी गुंजन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। अपने संक्षिप्त उद्गार में उन्होंने मतदाताओं का आह्वान किया कि आगामी 1जून को होनेवाले लोकसभा चुनाव में उन्हें मतदान के प्रति अपनी निष्ठा उसी तरह से दिखानी है जिस निष्ठा से वे स्वास्थ्य-साधना हेतु सुबह-सुबह गांधी सरोवर आकर मेहनत करते हैं। उन्होंने यह जोर देकर कहा कि मतदान समाज एवं राष्ट्र के प्रति नागरिक-निष्ठा का परिचायक है और इस निष्ठा में कभी कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जन सहयोग से चुनाव पूर्व प्रभात फेरी, झांकी,नुक्कड़ सभा के अतिरिक्त विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता हेतु व्याख्यान एवं क्विज का भी आयोजन किया जाएगा।

इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, पटना सिटी के चेयरमैन गोविन्द कानोडिया की देखरेख में इस अवसर पर अन्य प्रमुख लोगों में सीडीपीओ मोनिका, कुमारी उर्वशी, संतोष कुमार शर्मा,पूर्व पुलिस उपाध्यक्ष विजय कुमार यादव, डॉ० टी०पी० गोलवारा, डॉ० बृज मोहन प्रसाद,तारा झुनझुनवाला,अवधेश कु०सिन्हा,पवन कुमार ,अंजुला कुमारी सिन्हा,राजेश कानोडिया, सुमन पोद्दार, डॉ० एकबाल अहमद, प्रफुल्ल पांडेय, बाबा विवेक द्विवेदी, सुजीत कसेरा, शिव प्रसाद मोदी,राजकुमार गोयनका, संजीव देवड़ा, इबरार अहमद रजा, विनोद झुनझुनवाला, संजीव कुमार यादव , डॉ०राजीव गंगौल,अबुल मुजफ्फर, राजेश शुक्ला टिल्लू, श्वेता कानोडिया, कविता पोद्दार, इंदू अग्रवाल, पूजा माखड़िया, एड० अवधेश कुमार, रोली बूबना, मोहम्मद शाहिद हुसैन ,मौलाना जुनैद, मुफ्ती सलाउद्दीन,जयदीप मेहता ,ओंकारनाथ यादव , सुभाष बूबना,राजकुमार राजन,अंजू सिंह, प्रदीप काश, रेशमा खातून ,शिक्षाविद् विजय कुमार सिंह आदि शामिल रहे। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा शर्बत और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई। श्री कानोडिया ने बताया कि अनुमंडल प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में विशिष्ट योगदान हेतु कई लोगों को अनुमंडल एवं जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित करने की योजना है। इसी के तहत सम्पन्न हुए 'रन फॉर वोट' में जिनका भी प्रदर्शन अच्छा हुआ हैं उन्हें अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबर

### कांग्रेस, राजद धारा 370 का ही नहीं बल्कि बाबा साहब के संविधान और आरक्षण का भी विरोधी है :अरविन्द सिंह



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि कांग्रेस, राजद सिर्फ धारा 370 का ही नहीं बल्कि बाबा साहब के संविधान और आरक्षण का भी विरोधी है। इसीलिए कांग्रेस ने कश्मीर में रह रहे दलित आदिवासी पिछड़े समाज के लोगों को आरक्षण के लाभ से वंचित रखने का काम किया था। मा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बाबा साहब के संविधान को उचित सम्मान देते हुए जम्मू कश्मीर से धारा 370 को निरस्त करके समाज में अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। जिससे आरक्षण का लाभ गरीब, पिछड़ा, दलित और आदिवासियों को मिला। सबका साथ सबके विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ जम्मू कश्मीर में रह रहे लोगों को भी सुनिश्चित किया जा सका।

### बिहार वैश्य सभा की मांग पटना साहिब से जीतने वाला उम्मीदवार मंजीत आनन्द साहू पर पुनर्विचार करे कांग्रेस

**पटना।** बिहार वैश्य सभा के प्रधान महासचिव एवं अखिल भारतीय अतिपिछड़ा संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक राजन गुप्ता ने प्रेस बयान जारी कर कहा है की सम्पूर्ण बिहार के चालीस सीटों में से किसी भी दल अथवा गठबंधन ने एक भी तेली समाज के नेता को उम्मीदवार नहीं बनाया है। यहाँ तक की करीब बीस फीसदी आबादी वाले वैश्य समाज को भी इंडिया गठबंधन या भाजपा गठबंधन ने महज एक दो सीट देकर खनापूर्ति करने का काम किया है। ऐसे में सम्पूर्ण बिहार का तेली समाज और वैश्य - अतिपिछड़ा वर्ग कॉंग्रेस नेतृत्व से मांग करता है की कॉंग्रेस में दो दशक से पटना सहित बिहार भर में सक्रिय बिहार युवा कॉंग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष और राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश युवाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय अतिपिछड़ा संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक मंजीत आनन्द साहू को पटना साहिब लोकसभा से उम्मीदवार बनाने पर पुनर्विचार करे । श्री गुप्ता ने कहा की पटना साहिब लोकसभा में सर्वाधिक मतदाता साहू, वैश्य -अतिपिछड़ें वर्ग का है। इण्डिया गठबंधन ने पहले से ही सात कुशवाहा को उम्मीदवार बना चुकी है। यहाँ से अभी घोषित उम्मीदवार भी कुशवाहा बनकर चुनाव लड़ना चाहते हैं। कॉंग्रेस ने झारखंड की गोड्डा सीट, यूपी की सीतापुर सीट सहित कई राज्यों मे सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों के मद्देनजर उम्मीदवारों की सूची में संशोधन किया है। उसी प्रकार बिहार में भी ऐसा किया जाना कॉंग्रेस के हित मे होगा ।

श्री गुप्ता ने कहा की कांग्रेस अगर ऐसा करती है तो न केवल पटना साहिब में जीत सुनिश्चित हो सकती है बल्कि कॉंग्रेस को उनकी सभी नौ सीटों सहित इंडिया गठबंधन को बिहार झारखंड की सभी सीटों पर इसका फायदा होगा । कॉंग्रेस पैराशूट कैंडिडेट जिनकी कोई खुद की पहचान नहीं है ऐसे नेता पुत्रों को टिकट देकर अपना भारी नुकसान करने से बचे। यहां चुनाव सातवें चरण में है, ऐसे में कांग्रेस अपने निर्णय को सही कर-के पटना साहिब में अपनी जीत सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने कहा की कांग्रेस ऐसा नहीं करती है तो उनकी हार निश्चित है। बिहार वैश्य सभा अपने संगठन के जरिए पूरे बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रेस कांफ्रेंस करके इस मांग को और तेजी से रखने का काम करने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि साहू समाज, वैश्य समाज, ब्राह्मण महासभा, अखिल भारतीय अतिपिछड़ा संघर्ष मोर्चा सहित कई सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने मंजीत आनन्द साहू को उम्मीद्वार बनाने की मांग लगातार कर रहे हैं।

# भाजपा के डीएनए में ओबीसी और आरक्षण का विरोध : अरुण यादव

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि भाजपा के डीएनए में ही एससी,एसटी,ओबीसी, आरक्षण और गरीबों का विरोध है, जोकि उजागर हो गया है। भाजपा कभी नहीं चाहती है कि देश भर में जातिगत जनगणना हो और समाज के सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व और अनुपातिक हिस्सेदारी मिले।

श्री यादव ने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही तेजस्वी यादव जी युवाओं को एक करोड़ नौकरी, देश में जातिगत जनगणना, वंचितों, उपेक्षितों एवं पिछड़ों के कल्याणार्थ मंडल कमीशन की शेष सिफारिशों को लागू करेंगे, बिहार के तर्ज पर आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 75% की जाएगी और पुरानी पेंशन बहाली सहित 24 जन वचन पूरा करेंगे।श्री यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने विगत 10 साल के शासनकाल में एक सोची-समझी रणनीति के तहत देश के सार्वजनिक उपक्रमों, संसाधनों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों के हाथों में बेचकर, निजीकरण कर वंचित वर्गों का आरक्षण समाप्त कर दिया।

श्री यादव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष दो करोड़ नौकरी देना तो दूर की बात केंद्र के सभी सरकारी विभागों और सार्वजनिक संस्थानों में रिक्त 30 लाख पद पड़े थे उन पदों को केंद्र की मोदी सरकार भर देते तो निश्चित रूप से 30 लाख युवाओं को नौकरी मिल जाता और वंचित वर्गों को आरक्षण का लाभ भी मिलता। मोदी सरकार ने रेलवे में लाखों नौकरियाँ समाप्त कर एवं आर्मी में अग्निवीर जैसी योजना लाकर करोड़ों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। इसलिए एससी, एसटी, ओबीसी और गरीब अब भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाला है। जनता ने तय कर लिया है अबकी बार केंद्र में इंडिया सरकार।

# बदहाल कानून व्यवस्था से बढ़ा अपराधियों का मनोबलः राजु दानवीर

**पुनपुन/पटना।** समाजसेवी राजू दानवीर ने आज पुनपुन में जदयू युवा नेता सौरभ की हत्या मामले में एसआईटी जांच की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा है कि खराब कानून व्यवस्था से बड़े अपराधियों के मनोबल का परिणाम है कि आज राज्य में कोई सुरक्षित नहीं है। बदहाल कानून व्यवस्था से अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। इस वजह से मुख्यमंत्री आवास और पुलिस मुख्यालय से महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अंजाम दिया गया इसकी करी निंदा के साथ-साथ मैं अपनी गहरी शोक संवेदना भी व्यक्त करता हूं।



राजू दानवीर ने उक्त बातें आज पुनपुन में दिवंगत जदयू युवा नेता सौरभ के परिजनों से मिलने के बाद कहीं। उनके साथ पटेल सेवा के भी लोग मौजूद रहे जिन्होंने सौरभ के लिए न्याय की मांगकी। राजू दानवीर ने कहा कि अपराधी दिन हो या रात बेखौफ होकर हत्या की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और प्रशासन खानापूर्ति कर रही है। चुनाव का माहौल है हर जगह जाकर मुख्यमंत्री जी कानून की राज की बात कर रहे हैं और अपराधी उनके कानून को धत्ता बता रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि चुनावी सभा में नेताओं द्वारा जमकर झूठ बोले जाते हैं और हकीकत में जमीनी स्थिति यह है कि बिहार की जनता भयभीत है किसी को नहीं पता कि कब किसकी कहां कौन गोली मारकर हत्या कर दे। उन्होंने कहा कि इसलिए हम इस मामले में सरकार से हस्तक्षेप की मांग करते हैं और मामले की एसआईटी जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा की भी मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तादी के साथ काम करें तो अपराध की घटनाओं में कमी लाया जा सकता है और इससे अपराधियों की मनोबल को तोड़ा जा सकता है।

वही पटेल सेना के लोगों ने कहा कि सौरभ की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन हम उसके लिए न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। सरकार अगर इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाती तो हम बड़े से बड़ा आंदोलन कर सौरभ के परिजनों को न्याय दिलाने का काम करेंगे।

# कपूरी ठाकुर ने बिहार में शराबबंदी की थी और आज दिल्ली के मुख्यमंत्री शराब घोटाला कर जेल में हैः सम्राट

**पटना, (संवाददाता)।** दिल्ली प्रदेश भाजपा की ओर 'जननायक स्व कपूरी ठाकुर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान ₹भारत रत्न₹ से सम्मानित करने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करने के लिए दिल्ली के आंबेकर सेंटर में आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर सम्बोधित करते हुए बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कपूरी ठाकुर ने बिहार में शराबबंदी की थी और आज दिल्ली के मुख्यमंत्री शराब घोटाले में जेल में है। राजनीतिक शुचिता और ईमानदारी के प्रतीक स्व. कपूरी ठाकुर जी सच्चे अर्थों में ह्यगरीबों के मसीहाह्न और ह्यगुदड़ी के लालह्न थे। केन्द्र सरकार ने उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यभारत रत्नह्न से सम्मानित कर एक तरह से बिहार और देश के करोड़ों गरीब-गुरब्बों और पिछड़ों का सम्मान किया है। आज पूरा बिहार अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में पूर्वांचल और बिहार की जनता मोदी सरकार के लिए समर्पित है। गरीब, पिछड़े, आदिवासी, दलित समाज का सम्मान सिर्फ और सिर्फ मोदी सरकार में बढ़ा है। दिल्ली में पूर्वांचल की जनता आदरणीय मोदी जी के सम्मान में भी कोई कमी नहीं आने देगी।श्री चौधरी ने कहा कि कपूरी जी आजीवन गैरकांग्रेसवाद के पक्ष और कांग्रेस के विरोध में संघर्ष करते रहे। उन्होंने अपने सिद्धांत से कभी समझौता नहीं किया। मूल्यों की राजनीति में आस्था रखने वाले कपूरी जी को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे हुए भी लोभ-लालच कभी प्रभावित नहीं कर सका। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार में पिछड़े वर्गों के लिए गठित मुंगेरीलाल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर 1978 में कपूरी जी की उस सरकार ने नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था की जिसमें जनसंघ की ओर से कैलाशपति मिश्र मंत्री थे।




इसके तहत सरकारी नौकरियों में पिछड़ों को एनेक्चर-1 और 2 के तहत आरक्षण लागू किया गया। 1977 में उन्हें दुबारा मुख्यमंत्री बनाने में भी जनसंघ की बड़ी भूमिका थी। जनसंघ के कद्दावर नेता व कपूरी मंत्रिमंडल के वितमंत्री कैलाश पति मिश्र का उनके हर बड़े निर्णय में हमेशा साथ रहा। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर ने 1952में बिहार विधान सभा का पहली बार चुनाव जीता था और राजनीति में हमेशा अजेय ही रहे। वे कभी चुनाव हारे नहीं। वे एक बार उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री पद को शोभित किए। उसके बाद अधिकतर समय उन्होंने विरोधी दल के नेता की ही भूमिका निभाई। कपूरी ठाकुर की ईमानदारी को इस बात से समझा जा सकता है कि जब उनका निधन हुआ तो उनके बैंक खाते में पांच सौ रुपये भी नहीं बचे थे, वहीं जायदाद के नाम पर केवल एक खपरैल का पुराना मकान था। उन्होंने कहा कि मगर आज उनके नाम पर राजनीति करने वाले लोग न केवल आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाते हैं बल्कि भ्रष्टाचार की बुनियाद पर अकूत नामी/बेनामी सम्पत्ति का अम्बार भी खड़ा किए हुए हैं। अपने को कपूरी जी का शागिर्द बताने वाले लालू यादव चारा घोटाले के पांच मामलों में सजायफ्ता होकर जेल-बेल के भंवर में झूल रहे हैं तो वहीं उनके अनेक परिजन भ्रष्टाचारजनित बेनामी सम्पत्ति के अनेक मामलों में आरोपित हैं। बिहार की जनता को ऐसे लोगों से सचेत रहने की जरूरत है।

# कार्यकर्ता पिछड़ी बार से भी बड़े अंतर से जीत के लिए करें कामः मंत्री श्रवण कुमार

**संजय कुमार**

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** बिहारशरीफ प्रखंड के दीपनगर के प्रेम पैलेस में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक आयोजित की गई। बैठक के अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष ई रविशंकर प्रसाद ने की, जबकि संचालन लोजपा (रा) अध्यक्ष सत्येंद्र मुकुट ,जदयू अध्यक्ष मो अरशद ,राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष सोनू कुशवाहा ,हम जिलाध्यक्ष विश्वजीत पासवान ने संयुक्त रूप से की।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एनडीए उम्मीदवार सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक हरि नारायण सिंह, जितेंद्र कुमार ,कौशल किशोर, विधान परिषद रीना यादव, पूर्व विधायक ई सुनील कुमार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार की 18 साल की उपलब्धियां को घर तक पहुंचाएं। नीतीश सरकार ने समाज के सभी तत्वों के लिए काम किया है 2005 के बाद हमारी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। पूरे बिहार में नीतीश सरकार ने लोगों की खिदमत परिवार की तरह की है।हमारी सरकार ने ईमानदारी से दायित्व का निर्माण किया है।महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बिहार में हुआ कार्य वो देश में अद्वितीय है महिलाओं को पंचायती राज एवं नगर निकाय में 50% का आरक्षण दिया है साथ ही नौकरियों में 37 % का आरक्षण देकर समाज में पहचान दी सबसे ज्यादा पुलिस बलों में 30 हजार बेटीयों को नौकरी देने वाला देश का पहला राज्य बिहार है। सात निश्चय योजना के माध्यम से हर घर बिजली हर घर पानी हर घर पक्की नाली गली हर घर शौचालय बनाकर को गांव को स्मार्ट बनकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयप्रकाश नारायण डॉ लोहिया जननायक कपूर्री ठाकुर के सपनों को मूर्त रूप देने का काम किया है। प्रदेश के हर क्षेत्र हर वर्ग तक सरकार का न्याय के साथ विकास और सुशासन का मांडल। बिहार में डबल इंजन की सरकार हर क्षेत्र हर वर्ग के समुचित विकास के लिए कृत संकल्पित है।हमारी सरकार ने समाज में शोषित वंचितों पीड़ितों का समुचित विकास किया है। हमारी सरकार बोलने में काम और काम करने में ज्यादा विश्वास करती है। चुनाव कोई उम्मीदवार नहीं लडता है पार्टी का कार्यकर्ता लड़ता है और हमारे कार्यकर्ता मजबूती के साथ चुनाव लड़ते और जीते आए हैं। पार्टी के आंख कान और जुबान हमारे कार्यकर्ता हैं पार्टी की रीढ़ होते है जिला एवं प्रखंड स्तर पर चुनाव अभियान समिति बनाकर प्रखंड स्तर से पंचायत स्तर तक समन्वय स्थापित कर बैठक हो ये ध्यान देना है।




विपक्ष में बैठे लोग लगातार मुख्यमंत्री जी पर टिकट टिप्पणी करते हैं विकास देखना है तो नालंदा जाकर देखिए नालंदा की जनता इन सभी बातों को ध्यान में रखकर विपक्ष के प्रत्याशी से सवाल करने को उत्सुक है।सांसद कौशलेंद्र कुमार को रिकार्ड मतों से विजय बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत बनाने का काम करें ।

सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जिलेवासियों के लिए मैं 15 वर्षों तक काम किया हूं और नेता नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत बनाऊंगा। मैं हर समय कार्यकताओं के लिए एक कार्यकर्ता की तरह काम करता हूं और आगे भी करता रहूंगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्रसेन प्रसाद ,पूर्व विधान परिषद हीरा प्रसाद बिंद, राजू यादव ,लोकसभा जदयू प्रभारी डॉ संतोष दास पान, असगर शमीम ,भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी संतोष पाठक, जितेंद्र नीरज ,लोकसभा प्रभारी कु राघवेंद्र, लोजपा(रा) नेता श्रवण मिस्त्री ,रामकेश्र प्रसाद ,नरेश प्रसाद ,प्रो रणविजय, जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय देव, संजयकान्त सिन्हा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## करंट से मृतक तीनों के परिजनों को 25-25 लाख रुपया मुआवजा मिलेः रामबली सिंह

**कतरीसराय (नालंदा) (नवशक्ति)।** रविवार को नालंदा जिला अति पिछड़ा आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधान परिषद रामबली सिंह ने तारा बिगहा गांव में घटना स्थल का दौरा करते हुए मृतक के परिजन से मिलकर सांत्वाना दिया ।





वहीं उन्होंने कहा की तारा बिगहा गांव में अति पिछड़ा समाज से आने वाले चंद्रवंशी समाज के 28 वर्षीय पंकज कुमार , 25 वर्षीय मिठू कुमार व 14 वर्षीय गुलशन कुमार की निर्मम हत्या सामंत जातियों से आने वाले प्रमोद महतो द्वारा एक साजिश के तहत किया गया है ,जो छोटे से तालाब में जिसकी रकवा 1000 स्क्वायर फीट होगी, उसमें बिजली की करंट प्रवाहित करा के तीन लोगों की निर्मम हत्या किया है, जबकि एक इलाजरत है, जिसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

गांव वाले से पूछने पर बताये की प्रमोद महतो आपराधिक चरित्र का व्यक्ति है ।शराब की तस्करी में कई बार जेल भी जा चुका , उसकी योजना थी गांव के दर्जनों लोगों को करंट के द्वारा मारने की बहुत बड़ी साज़िश थी। गांव वाले उसके गोरखधंधा का विरोध करते थे, शराब के धंधे को तालाब के आड़ में संचालित करता था , ऐसे जघन्य अपराध को जितना भी निंदा की जाय वो कम होगी। अति पिछड़ा संघर्ष आरक्षण मोर्चा सरकार ये मांग करते है कि तीनों मृतक के परिजनों को 25, 25 लाख का मुआवजा दिया जाय और हत्यारे प्रमोद महतो को अविलंब गिरफ्तार करके स्पीड ट्रायल में केस चलाकर फाँसी की सजा दिया जाय। इस मौके पर पार्टी राष्ट्रीय उप कोषाध्य बलराम चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अजित चंद्रवंशी बिलारी पंचायत के मुखिया हिमांशु पासवान , दीपक चंद्रवंशी संतोष जी और गांव के दर्जनों लोग शामिल थे।

## लालू परिवार ने बिहार के गरीबों का शोषण कर अपने लिए अकूत संपत्ति बनाईः उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना (संवाददाता)।** रविवार को जनता दल (यू0) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मधेपुरा, सुपौल एवं अररिया लोकसभा के एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने स्थानीय मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में आपका प्रत्येक वोट बिहार की तरक्की और उन्नति का नया मार्ग प्रसस्त करेगा।



उन्होंने कहा कि पहले दो चरण में मतदान का प्रतिशत अपेक्षा से कम रहा है, इसलिए आगे के चरणों में हमें अतिरिक्त सतर्कता बरतनी है और अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। बिहारवासियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जादुई जोड़ी की जरूरत है। बीते 18 वर्षो के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का चैतरफा विकास हुआ है, और इस बात को नकारने का साहस हमारे राजनीतिक विरोधियों के पास भी नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस चुनाव में एक ओर वे हैं जिन्हें केवल अपने परिवार की चिन्ता है। लालू परिवार ने बिहार के गरीबों का शोषण कर अपने लिए अकूत संपत्ति बनाई और फिर भ्रामक प्रचार से जनता को बरगलाते हैं।इनलोगों को बिना काम का क्रेडिट चाहिए होता है। दूसरी ओर श्री नरेंद्र मोदी और श्री नीतीश कुमार हैं, जिनके लिए के लिए पूरा देश ही उनका परिवार है, जिन्होंने जनसेवा को ही जीवन का आधार बना लिया है।उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि लंबे प्रयत्न के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज से जाल से बाहर निकाला है। हमारी नई पीढ़ी अब उस काले दौर को देखना नहीं चाहती है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 15 सालों तक बिहार में लालू-राबड़ी की सरकार थी लेकीन तेजस्वी यादव सिर्फ 17 महीनों के कामों का लेखा-जोखा लेकर जनता के बीच जा रहें है। 17 महीनों का झूठा श्रेय लेने से बेहतर होगा कि वें अपने माता-पिता के शासनकाल की उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जाएं क्योंकि बिहार की जनता यह जानती है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के द्वारा 17 महीनों में जो काम हुए हैं उनमें तेजस्वी यादव या राजद के किसी मंत्री की भूमिका नगण्य थी। जनता दुष्प्रचार का शिकार नहीं बनेगी।

### संक्षिप्त खबर

## करंट से मौत के बाद बिजली विभाग अपने दायित्व से झाड़ रहा है पल्ला

**कतरीसराय (नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तारा बीघा गांव में बीते दिन बिजली के करंट से मारे एक ही परिवार के तीन सदस्यों के मौत की खबर से पुरे प्रखंड में शोक व्याप्त हो गया है, वहीं मौत के बाद बिजली विभाग अपने दायित्व से पल्ला झाड़ रहा है । बताते चलें कि पिछले दिन अवैध बिजली तार के घेरे के चलते तारा बिगहा गांव में तीन मौत हो गई थी । तो बिजली विभाग अपना दायित्व निभाने के बजाय पल्ला झाड़ लिया है।

राजगीर जॉन के बिजली विभाग के अधिकारी कहते हैं कि हमारे यहां से उसका कनेक्शन नहीं है, वही वारसलीगंज जॉन के बिजली विभाग के अधिकारी कहते हैं कि हमारे यहां से उसका कनेक्शन नहीं है, तो इतने दिनों से दोनों जगह के बिजली विभाग के अधिकारी कुम्भकरणी नींद में सोए हुए थे ।जब बिना कनेक्शन के चोरी से बिजली जला रहा था तथा तालाब के चारों तरफ बिजली का नंगा तार का घेरा बना कर उसमें बिजली प्रवाहित कर जला रहा था अभी तक उन आरोपीयों पर बिजली विभाग द्वारा थाने में किसी भी तरह का मुकदमा करके जुमार्ना क्यों नहीं किया गया ,इसमें बिजली विभाग कि लापरवाही के साथ साथ मिली भगत कि बु आ रही है।

अंततः जब बिजली विभाग द्वारा प्राथमिकी नहीं किया गया तो मृतक के भाई संतोष कुमार के द्वारा स्थानीय थाने में लिखित शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है, जिसमें नवादा जिला अन्तर्गत वारसलीगंज थाना क्षेत्र के खिरभोजना गांव निवासी प्रमोद महतो बल्द बाली महतो तथा गुलशन कुमार बल्द प्रमोद महतो को को नामजद अभियुक्त बनाया गया है ।

## मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित




**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** हिलसा शहर के कौटिल्य नगर स्थित टॉपर्स वैली के प्रांगण में रविवार को मेधा सम्मान समारोह का आयोजन कर दर्जनों वैसे प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया ,जिन्होंने परीक्षा में बेहतर स्थान हासिल किए थे ।इसके साथ साथ सदा उपस्थित रहने वाले अनुशासित छात्र छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र , मेडल, स्मृति चिह्न से नवाजा गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे समाजसेवी डा. आशुतोष कुमार मानव ने सभी सफल छात्र छात्राओं की हौसला आफजाई करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।संस्थान के निदेशक विकास कुमार, सन्तोष कुमार पार्थ, नीतीश कुमार निराला आदि ने बताया कि संस्थान में निरंतर वैसे विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है जो पढ़ाई में अव्वल रहते हैं । इस अवसर पर समाजसेवी डा. मानव ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के भविष्य हैं ।अगर छात्र जीवन से ही इनके अंदर प्रतियोगिता के साथ साथ कठिन मेहनत करने की ललक और सामाजिक सोंच पैदा किया जाए तो यही विद्यार्थी आने वाले समय में देश का नाम पूरी दुनिया में रौशन करेंगे । उक्त समारोह में वक्ताओं ने सभी छात्रों की हौसला आफजाई करते हुए कठिन मेहनत करने एवं इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। मौके पर शिक्षाविद विकास कुमार के अलावा रोहित कुमार, रूपा कुमारी, मौसम प्रकाश, रजनीश कुमार, सुधांशु कुमार, अमित कुमार, अमरजीत कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधान पार्षद राजू यादव नें निमार्णाधीन कामधेनु देशी गिर गाय डेयरी फार्म का लिया जायजा



**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** नालंदा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के न्यु वासवन विगहा मे निर्माण हो रहे कामधेनु देशी गिर गाय डेयरी फार्म में पूर्व विधान पार्षद राजेश कुमार सिंह उर्फ राजू यादव पहुंच कर जायजा लिया ।

इस मौके पर उन्होने बताया कि इस फार्म को चालू हो जाने के बाद बिहारशरीफ व आस पास के लोगों को देशी गिर गाय के दुध व इससे वने सामाग्री आसानी से उपलब्ध होने लगेगा ।उन्होने बताया की देशी गिर गाय का दुध में जो विटामिन्स पाये जाते हैं वह सामान्य गाय के दुध में उपलब्ध नही होता है ।

इस मौके पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सुधीर कुमार राय ने बताया की इस दुध में 27 तरह के मिनरल पाये जाते है, जो सामान्य गाय में नही पाये जाते हैं । उन्होने बताया की कोरोना काल के समय देशी गिर गाय का दुध अमृत के तरह लोगों को लाभ दिया। इस दुध मे सोना, तावां , प्लेटलेट्स समेत अन्य प्रकार के विटामिन्स रहने के कारण यह दुध अमृत के समान होता है ।

इस मौके पर फार्म के प्रबंधक अमर वर्मा ने बताया कि इस फार्म में उपयोग होने वाले गाय के चारा उगाने के लिए रासायनिक खाद का प्रयोग नही होगा । गाय के गोवर व मुत्र एक तालाव में जमा होगा तथा उसमे पानी भरकर उससे पटवन किया जाएगा जिससे उगने बाले चारा मे जैविक खाद स्वतः चला जाएगा । उन्होने बताया कि यह फार्म दो से तीन माह में बनकर पुरी तरह तैयार हो जायेगा । इस फार्म के खुलने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा।

## सदस्यता ग्रहण कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता जन-जन तक है

**पटना।** बिहार भाजपा के पटना स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मनेर नगर परिषद के वार्ड सदस्य रंजीत कुमार, श्री अजीत कुमार सिंह और सुनील कुमार उर्फ भूपेंद्र कुमार गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की' भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉक्टर निखिल आनंद, पटना ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और जिला महामंत्री रवि कुमार ने संयुक्त तौर पर तीनों वार्ड पार्षदों को भाजपा की सदस्यता दिलाई और अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सभी का पार्टी में स्वागत किया' इस अवसर पर बिहार भाजपा के कार्यालय मंत्री डॉ० प्रवीण चंद्र पटेल, सह मीडिया प्रभारी श्री प्रभात मालाकार, कार्यालय मंत्री श्री सुग्रीव रविदास एवं मीडिया पैनलिस्ट सुमित शशांक सहित सैकड़ो की संख्या में



समर्थन मौजूद रहे। भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया इन वार्ड पार्षदों में रंजीत कुमार तीसरी बार वार्ड पार्षद चुने गए हैं जबकि अजीत कुमार दूसरी बार और सुनील कुमार उर्फ भूपेंद्र कुमार गुप्ता पहली बार वार्ड पार्षद चयनित हुए। इन सभी वार्ड पार्षदों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कामकाज से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इन्होंने कहा- ₹भाजपा संगठन और विचारधारा की पार्टी होने के साथ-साथ राष्ट्रवाद और सामाजिक समरसता की बात करती है जबकि राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस जैसी पार्टियां परिवारवाद और व्यक्तिगत हित साधने में लगी रहती है। राष्ट्र सर्वोपरि और सर्वप्रथम है, इसकी प्रेरणा भाजपा ही देती है। हम सभी गौरवान्वित महसूस करते हैं कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जिसकी सदस्यता हम सभी ने ग्रहण की है।

## इंडी गठबंधन हार की बौखलाहट से कर रहे हैं जनता को भ्रमितः विजय कुमार सिन्हा

**पटना (संवाददाता)।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बयान जारी कर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा है कि राजद हमेशा से मुद्दाविहीन राजनीति करती आई है।उन्होंने बिहार में राजद की 15 साल की सरकार को जंगलराज करार देते हुए कहा कि लालू प्रसाद और उनकी परिवारवादी मानसिकता, बिहार के विकास और जनहित को कभी मुद्दा बनाया ही नहीं। स्वार्थ और अपनी तिजोरी भरने के चक्कर में राज्य में न तो उद्योग-धंधे लगे और न ही पलायन रुका।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन सवालों के जवाब मांगने पर तेजस्वी यादव चुप्पी क्यूँ साध लेते हैं। उन्हें अपने पिताजी के शासन काल की भी सच्चाई ईमानदारी से बताना चाहिए।श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार में राजद की सरकार की ऐसी कौन सी उपलब्धि है जिसपर यहाँ की जनता गर्व करे। एकतरफा बयानबाजी कर केवल वाहवाही लूटने पर आमादा तेजस्वी यादव दूसरे के लिखे स्क्रिप्ट से बाहर निकल ही नहीं रहे हैं। जिस दल के भीतर सवालों की लंबी सूची हमेशा संदेह और भ्रष्टाचार पर जवाब देने में चौतरफा घिर जाती है उस दल के नेताओं से भी जवाब की उम्मीद छोड़ देनी चाहिए। ये लोग केवल सत्ता सुख और परिवारवादी मानसिकता को पोषित करने के लिए आसमानी बयानबाजी किया करते हैं, जिनका जन सरोकार से कुछ लेना-देना नहीं है।



श्री सिन्हा ने आगे कहा कि लालू प्रसाद और उनकी धर्मपत्नी राबड़ी देवी जी के 15 साल के शासनकाल में बिहार में हुए विकास की कोई एक ठोस सबूत इनके पास नहीं है। व्यापार, रोजगार, शिक्षा, सड़क के क्षेत्रों में राज्य की दशा उस काल में किसी से छुपी नहीं है।अपहरण, लूट, हत्या, घोटाला, बलात्कार और न जाने कितने विकारों से ग्रसित बिहार को आज एनडीए सरकार ने विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर किया है।राजद के लोगों की मजबूरी है कि राज्य के विकास की बातों पर उनके जुबान खुल नहीं सकते। जिसने विकास के नाम पर बिहार को बर्बाद किया वो ऐसे सवालों पर क्या बोलेगा?

इतना ही नहीं उपमुख्यमंत्री ने हाल के दिनों में इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा दिये जा रहे बयानबाजी को उनकी हार की बौखलाहट करार दिया है। उन्होंने कहा कि जिसकी मानसिकता हमेशा लूट की छूट की रही है वो जातीय जहर का लहर तो फैलायेगा ही। इन मामलों में देश के शहजादे राहुल गांधी भी पीछे नहीं हैं। लोकसभा चुनाव में जनता को भ्रमित करने के लिए अनाप-शनाप बयानबाजी को जनता भांप चुकी है और आने वाले 4 जून को उनको जवाब भी मिल जाएगा।

## जहानाबाद की जनता को प्रणाम डॉ अरुण कुमार

**जहानाबाद (संवाददाता)।** पूर्व सांसद जहानाबाद डॉ०अरुण कुमार निदेर्शानुसार दिनांक 1 मई 2024 को, समय 11बजे दिन में मानस विद्यालय वभना,जहानाबाद में महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। आम सभी साथियों एवं पूर्व सांसद के सभी शुभचिंतकों और चाहने वालो से विशेष रूप से कहना है की जिला, प्रखंड, पंचायत, वार्ड से जुड़े सभी साथी इसे अतिआवश्यक समझें एवं इस बैठक को सफल बनाने का कष्ट करें।

क्योंकि यह लड़ाई जहानाबाद की जनता की हैं और हमारे पूर्व सांसद डॉ० अरुण कुमार जी का व्यक्तित्व बिराट हैं। वे हर वर्गों के लिए लोकप्रिय हैं। वंचित समाज के लोग भी उनके साथ हैं। जहानाबाद कि यह लड़ाई डॉ० अरुण कुमार जी एवं राष्ट्रीय जनता दल के बीच में ही होगी। जहानाबाद की मतदाता बुद्धिजीवि हैं। जहानाबाद के बभना के मानस विद्यालय आकर आप सभी अपने एकता का परिचय अवश्य दें। आप सभी जहानाबाद की जनता को प्रणाम।

नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# देश, संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई है यह चुनाव : बंधु तिर्की

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव, देश के साथ ही अपने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का भी चुनाव है. उन्होंने कहा कि आर-पार की इस लड़ाई में यदि हमसे और देश की जनता से थोड़ी-सी भी चूक हुई तो हमलोग अपने आप को कभी भी माफ नहीं कर सकेंगे.

आज इटकी के कुन्दी मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के साथ ही भारतीय जनता पार्टी भी लोगों के बीच धार्मिक उन्माद, आपसी नफरत और दुष्प्रचार के बलबूते पिछले दस साल से अपनी सरकार को कायम रख सकी है और सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह भी है कि कि भ्रष्टाचार के अनेक झूठे आरोप लगाकर केन्द्र सरकार और उसकी एजेंसी विपक्षी नेताओं को परेशान करने के साथ ही विपक्ष की सरकारों को अस्थिर करने की चाल चलती है जो कि लोकतंत्र के लिये खतरनाक है. इस संदर्भ में उन्होंने हेमंत विश्व शर्मा, प्रफुल्ल महंत, अजीत पवार, अशोक चव्हान जैसे अनेक नेताओं की चर्चा करते हुए कहा कि जिनपर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के अनेक आरोप लगाये उन्हीं को अपनी ही भाजपा में शामिल कर लिया और उसके बाद उन पर चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को समाप्त कर दिया गया.

श्री तिर्की ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डीलिस्टिंग जैसे आधारहीन मुद्दों को बेवजह तुल देकर सरकार को बदलने की भाजपाई साजिश को सफलता तो मिल गयी लेकिन उसके बाद बदली हुई परिस्थितियों में हसदेव जंगल के साथ जो व्यवहार किया गया और जिस प्रकार से आदिवासियों को विस्थापित किया जा रहा है वह आज भाजपा और मोदी सरकार की करस्तानियों को बताने के लिये पर्याप्त है. उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई महँगाई और बेरोजगारी की विकराल स्थिति में आज लोगों के सामने एकमात्र विकल्प यही है कि वे ईवीएम का बटन दबाकर सरकार को बदल दें.

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा कि झारखण्ड में लोग पूरी तरह इंडिया गठबंधन के साथ हैं और वे भारतीय जनता पार्टी को कभी भी जीतने नहीं देंगे चाहे लोकसभा चुनाव की बात हो या फिर झारखण्ड विधानसभा की.

इस अवसर पर अपने संबोधन में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस



एवं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी स्तरहीन, घटिया और निम्न सोच वाली विचारधारा के बलबूते पर पिछले 10 साल में केवल और केवल झूठ परोसने का काम किया है. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और केन्द्र सरकार का विश्वास, भारत के संविधान पर नहीं है बल्कि वह केवल नागपुर से आरएसएस के एजेंडा पर देश को चला रहे हैं जिसे देश की धर्मनिरपेक्ष जनता कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी. श्री भगत ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर और मणिपुर से मुंबई तक की अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने देश के किसानों, महिलाओं और युवाओं के साथ ही हर एक वर्ग और समुदाय से बातचीत की और उसके बाद कांग्रेस का घोषणा पत्र तैयार हुआ जिसमें देश के आम जन की बात है. लेकिन जिस प्रकार से प्रधानमंत्री कांग्रेस की घोषणा पत्र की चर्चा करते हैं उससे स्पष्ट है कि भाजपा में घबराहट है. श्री भगत में विशेष रूप से देश की सुरक्षा में तैनात सेवा की जवानों के लिये केन्द्र सरकार द्वारा लागू अग्निवीर योजना की चर्चा की और कहा कि इससे एक और देश की सुरक्षा खतरे में है वहीं दूसरी ओर युवाओं का हौसला टूट रहा है.मणिपुर में हुई जातीय संघर्ष के अनेक महीने गुजर जाने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मणिपुर नहीं जाने की श्री भगत ने तीखी आलोचना की और कहा कि केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार के बाद सरना धर्म कोड को लागू किया जायेगा और देश के मूल निवासियों, आदिवासियों, अन्य पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यकों आदि के प्रदत्त आरक्षण के विरुद्ध नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की साजिश को असफल कर दिया जायेगा.इस अवसर पर अपने संबोधन में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में स्पष्ट रूप से पाँच न्याय के साथ ही केवल और केवल मुद्दों की बात कही गयी है लेकिन भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही सभी भाजपाई नेता चुनाव को मुद्दों से भटकने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा झारखण्ड के साथ केन्द्र का व्यवहार बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है. वह झारखण्ड का हक मार रही है जिससे लोगों में गुस्सा है. श्रीमती तिर्की ने कहा कि धार्मिक स्थल बनाकर और लोगों में धार्मिक उन्माद पैदा कर लोगों का पेट नहीं भरा जा सकता और न ही उनकी अन्य जरूरतों को पूरा किया जा सकता है. श्रीमती तिर्की ने कहा कि आज भी आदिवासियों और मूलवासियों की लड़ाई वैसे शोषकों और साहूकार तत्वों के साथ है जिनसे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने भी लड़ाई लड़ी थी. उन्होंने कहा कि लोगों का एक बड़ा समुदाय वैसा भी है जो धर्म, जाति, समुदाय और देश की बजाय प्रधानमंत्री मोदी की भक्ति में ज्यादा संलिप्त है और यह देश के लिये खतरनाक है. उन्होंने कहा कि वैसे लोगों को जगाने की जरूरत है. श्रीमती तिर्की ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव के शुरूआती दो चरणों के चुनाव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही भाजपा नेताओं और उनके समर्थकों को अंदर से झकझोर दिया है लेकिन जरूरत इस बात की भी है कि हम जागरूक रहें ।

# कांग्रेस की नजर देश की जनता की कमाई और उसकी संपत्ति पर : संजय सेठ



**रांची, (नवशक्ति)।** सांसद संजय सेठ ने आज रांची के हटिया, नामकुम, हाजी चौक, किशोरगंज ,होठवासी, क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया तथा विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।

सांसद सेठ ने कहा कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है कांग्रेस परिवारवादी ने देश को लूट कर अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया देश को कुछ नहीं दिया कांग्रेस ने देश की जनता के धन को लुटा देश को लुटा सिर्फ भ्रष्टाचार इनका एक काम था। गरीबी हटाओ का नारा 70 साल से कांग्रेस का नारा ही बनकर रह गया कांग्रेसी अमीर होते गए और गरीब और गरीब होता गया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही मोदी जी ने गरीबों को सम्मान दिया उनके मूलभूत सुविधा को ध्यान में रखते हुए छोटी-छोटी चीजों को ध्यान में रखते हुए गरीबों के लिए काम किया चाहे वह शौचालय, के रूप में हो उज्ज्वला योजना, हो प्रधानमंत्री आवास हो, जनधन खाता हो, या मुफ्त में अनाज हो, ऐसे कई कार्य किया जा रहे हैं देश को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है । आज के इस कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष बरुण साहू, रोमित नारायण सिंह, सुरेंद्र राम ,पप्पू वर्मा, नरेश साहू, प्रमोद सिंह ,गोरखनाथ सिंह ,विनोद सिंह ,मीनू सिंह, अनंत रंजन, माया घोष ,सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू कांग्रेस में शामिल

**रांची।** कांग्रेस के ह्यह्यआ अब लौट चलेंह्लह्ल अभियान के तहत झारखंड प्रदेश तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर ने कांग्रेस की अंग पट्टी एवं माला पहनकर सन्नी सिंकू और उनके साथियों को कांग्रेस के सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के अभियान के तहत पिछले दिनों कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। हमारा पूरा ध्यान ऐसे लोगों पर है जो पूर्व में कांग्रेस में थे या जिनके पूर्वज कांग्रेस विचारधारा से जुड़े रहे हैं और जो वर्तमान में किसी अन्य दल में है उन्हें वापस कांग्रेस में लाने का कार्य हम कर रहे हैं।

श्री सिंकू काफी युवा और उजार्वान नेता हैं और उनके अच्छे राजनीतिक भविष्य की मै कामना



करता हूं,इनके कांग्रेस में शामिल होने से कोल्हान क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को काफी मजबूती मिलेगी और उनके जीत में एक अहम भूमिका इनकी और इनके साथियों की रहेगी। उन्होंने कहा कि देश में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है और यह चुनाव एक ऐसे समय में हो रहा है जहां से भारत का आगामी कई दशकों का भविष्य तय होगा।

देश के प्रधानमंत्री लोगों को इलेक्ट्रोल बॉण्ड घोटाला, महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे से भटकाकर मुसलमान मंगलसूत्र, मटन में उलझाना चाहते हैं लेकिन हमें यह तय करना है कि देश का विकास छद्म राष्ट्रवादी करेंगे या देश हित में निर्णय लेने वाले धर्मनिरपेक्ष वादी। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात सन्नी सिंकू ने कहा कि कांग्रेस छोड़ना मेरी भूल थी और इसका एहसास मुझे पार्टी छोड़ने के बाद हो गया था परंतु आज मैंने अपनी भूल सुधार कर ली है और मेरी पूरी निष्ठा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी और राहुल गांधी जी के प्रति है। मैंने राहुल जी की न्याय यात्रा से प्रभावित होकर सैकड़ो किलोमीटर की पदयात्रा की है। मैं अपने साथियों के साथ सिंहभूम की इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए कार्य करूंगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खालको, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, गजेंद्र सिंह उपस्थित थे। श्री सिंकु के साथ चाईबासा, चक्रधरपुर नगर, सदर बंदगांव, सोनुवा, गोईलकेरा, मनोहरपुर, नोवामुंडी मँझगांव, जगन्नाथपुर, टोटो, हाटगमहरिया, झींकपानी, मांझारी, तांतनगर कुमारडूंगी, गुदड़ी, आनंदपुर और खुंटपानी प्रखंड के 111 पदाधिकारियों ने कांग्रेस के सदस्यता ग्रहण की, जिसमें मुख्य रूप से राधामोहन बनर्जी, अमृत मांझी, संजू सिंहदेव, फिरोज अशरफ, नारायण सिंह पूरती, बसंत तांती, तस्लीम अंसारी, अरिल सिंकू एवं शंकर मिश्रा शामिल थे।

## 29 अप्रैल को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर

**रांची, (नवशक्ति)।** भाजपा के स्टार प्रचारक एवम मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी 29 अप्रैल को झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। यह जानकारी लोकसभा प्रभारी प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने दी। रांची पहुंचकर श्री यादव हेलीकॉप्टर द्वारा 3 बजे अपराह्न चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत हंटर गंज के खूंटी केवाल मैदान में एन डी ए प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मोहन यादव शाम 4.30बजे मीडिया सेंटर रांची में प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे ।मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव देर शाम विमान द्वारा रांची से प्रस्थान करेंगे।

## बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में चार झोपड़ी जलकर राख

**कटोरिया/बांका(नवशक्ति)।** कटोरिया थाना क्षेत्र के डोमसरणी पंचायत अंतर्गत सुपाहा गांव में रविवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से 4 झोपड़ियां जलकर राख हो गई। पीड़ित गृहस्वामी में गांव का लटेल दास, उसका पुत्र सुरेन्द्र दास, विनोद दास एवं मगरी दास शामिल है। इस आगजनी में लगभग 3 लाख रूपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार को बिजली की शॉर्ट सर्किट की वजह से लटेल दास की पुआल की झोपड़ी में आग लग गई। जिसके बाद आग ने अन्य घरों को भी अपने चपेट में ले लिया। साथ ही सभी के पक्के मकान में भी आग फैल गई। इस अग्निकांड में घर में रखे अनाज, बर्तन, जेवरात, कपड़े सहित घर की अन्य चीजें भी जलकर राख हो गई। परिवार के सदस्यों द्वारा हो-हल्ला करने पर आसपास के लोग दौड़ कर आये। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशमन विभाग द्वारा ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तबतक सब जलकर राख हो चुका था। फिलहाल इस घटना से घर के सभी सदस्य बेघर हो गए हैं। पीड़ित गृहस्वामियों ने अंचलाधिकारी से क्षतिपूर्ति की गुहार लगाई है।

## बिहारी जॉब क्रियेटर बने : नीतीश मिश्रा,

**बेतिया,( नवशक्ति)।** केन्द्र मे भाजपा गठबंधन की सरकार बनाने व नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिये व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को पांचवे से तिसरे स्थान पर लाने के लिये नरेंद्र मोदी सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि । बिहारी जॉब सीकर न बने जॉब क्रियेटर बने । आज सरकार उद्योग को बढावा देने के लिये बैंको के माध्यम से सुलभ लोन की भी व्यवस्था की है। अभी आचार संहिता लगा है आचार संहिता समाप्त होते ही बिहार सरकार उद्योग व पार्यावरण के क्षेत्र मे काफी बढाने का काम करेगी। उन्होने प्रेस वार्ता मे यह भी बताया की जहा 2014मे देश मे स्टार्टअप उद्दमियो की संख्या 400 से 500 हुआ करती थी आज देश मे 1लाख 10 हजार के आसपास है। आज उद्योग धंधे के बढावा देने के लिये उद्दमी योजना से 2लाख रुपये दिये जा रहे इस साल अभी तक 94 हजार लोगो मे से 40 हजार को इसका लाभ दिया गया है। जो की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुद्दढ मे काफी लाभ मिलेगा। उन्होने यह भी कहा की आज हमे काफी प्रसन्नता है और यह बताते हुये हर्ष हो रहा है, आपके क्षेत्र मे यहा के सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल ने क्षेत्र के विकास के लिये काफी काम किया है, आगे भी करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव बाद फिर आऊंगा और यहां के उद्योग धंधों पर कार्य करने के लिए योजना बनाऊंगा। उक्त बातें बिहार सरकार के उद्योग व पर्यावरण मंत्री नीतीश मिश्रा ने प्रेस वार्ता में कहीं।

## गुजरात के तट पर पाकिस्तानी नौका से 600 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ बरामद

**अहमदाबाद।** भारतीय तटरक्षकों ने गुजरात तट पर पाकिस्तानी नौका से 600 करोड़ रुपये मूल्य का 86 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त करके 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने रविवार को यह जानकारी दी। गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने संयुक्त रूप से रात के समय अरब सागर में अभियान चलाया था। बल ने एक विज्ञप्ति में कहा, भारतीय तटरक्षकों ने 28 अप्रैल को खुफिया जानकारी के आधार पर सागर में अभियान चलाया। पाकिस्तानी नाव से 600 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 86 किलोग्राम मादक पदार्थ पकड़े जाने के बाद नौका में सवार 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 140 करोड़ भारतीय मोदी का परिवार हैं : संजय सेठ

**रांची, (नवशक्ति)।** आज कानू झारखंड संघ कानू समाज के द्वारा आयोजित बैठक में रांची सांसद सह प्रत्याशी संजय सेठ शामिल हुए जहां समाज के लोगो के साथ उन्होने देश और इसके विकाश के लिए किए गए कानू समाज के बलिदान और कार्यों की उन्होने सराहना की , झारखंड कानू संघ द्वारा उन्हे प्रभु श्री राम की छाया आकृति उनको प्रेम सरुप संघ द्वारा भेट की गई।

मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने उन्हे पुस्पगुच भेटकर स्वागत किया। मौके पर संजय सेठ ने कहा आज हमारे प्रधानमंत्री ने पीछले दस वर्षो में देश का सार्वांगिक विकाश किया है चारो ओर लोग इसको महसूस कर सकते है , मोदी जी ने देश की 140 करोड़ परिवारजनों का विकाश जाति, धर्म , पंथ सामाजिक इस्तिति के बंधन से बहार निकलकर विकाश किया



क्योंकि मोदी जी का मानना है की देश में सिर्फ 4 जातीय है, महिला, युवा, किसान और गरीब सभी लोग इसी के अंदर आते है और हमारा प्रयास है की इस सभी का पूरा विकाश किया जाय, आज प्रभु राम के मंदिर को देखकर सभी भारतवासियों को कितना आनंद आता है इसको इसको शब्दो में नहीं बताया जा सकता, और देश की प्रगति में जब भी हम वैश्य समाज कानू समाज को देखते है तो इन्होंने हर जगह न सिर्फ आर्थिक रूप से बल्कि राष्ट्र निर्माण में ये सदैव आगे रहते है और भाजपा भी हमेशा इनके साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी थीं खड़ी है और खड़ी रहेगी।

मौके पर रोमित नारायण सिंह*ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य समाज के आखरी पायदान में खडे वयक्ति का विकाश करना है हम अंतोदय के मंत्र से कार्य करते है, हमारे प्रधानमंत्री मोदी भी सर्व समाज के विकाश का कार्य को पीछले 10 वर्षो से जिस गति से किया है वो अभूतपूर्व है , आज हमारा देश का हर वर्ग हर स्तर पर बाद रहा है समाज समृद्धि की ओर बड़ रहा है, आज हर समाज जागरूक है अपने हक और अधिकारों के लिए सजग है आज इतनी बड़ी संख्या में समाज के लोग एक जगह अपने समाज की उन्नति के लिए बैठे है देखकर अच्छा लगता है।

मौके पर मुख्यरूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष वरूण साहू, कानू संघ संरक्षक सुरेन्द्र राम , नरेश साहू अध्यक्ष,गणेश प्रसाद साहू , सुनील कुमार, मनोहर साहू, तारकेश्वर साव, राजेंद्र साहू, पप्पू वर्मा, तरुण दास, चुन्नू साव, सूरज साहू, बिहारी लाल साहु, पूजा साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

## चीन के साथ बातचीत सुचारू रूप से चल रही है, भारत कभी नहीं झुकेगा : राजनाथ सिंह

**अहमदाबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारु रूप से और अच्छे माहौल में चल रही है तथा भारत कभी नहीं झुकेगा। लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के वास्ते प्रचार करने के लिए अहमदाबाद में मौजूद सिंह ने कहा कि भारत सैन्य दृष्टिकोण से एक शक्तिशाली देश बन गया है और अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। चीनी आक्रामकता को लेकर नरेन्द्र मोदी सरकार पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोप के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा, भारत अब कमजोर भारत नहीं रहा। भारत सैन्य दृष्टि से भी एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, भारत और चीन के बीच जो भी मुद्दे हैं, उन पर बातचीत सुचारू रूप से और अच्छे माहौल में चल रही है। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि हमें वार्ता के नतीजे का इंतजार करना चाहिए। लेकिन मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत कहीं भी झुका नहीं है और न ही कभी झुकेगा। सिंह ने यह भी विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है, आगे चलकर और बढ़ेगा।

उन्होंने कहा, 2014 में हमने 600 करोड़ रुपये का रक्षा सामान निर्यात किया था, लेकिन अब यह आंकड़ा 21,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है और मैं कह सकता हूं कि यह बढ़ने वाला है।

मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं, चाहे मिसाइलें और अन्य हथियार, बम या टैंक हों, भारत में और भारतीयों द्वारा बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा, आज, हमने एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का रक्षा उत्पादन हासिल किया है।

# राज सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रहा इंडी गठबंधन : आदित्य साहू

**रांची,(नवशक्ति)।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने मीडिया सेंटर में रविवार को प्रेस मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार अपने स्वार्थ के लिए कानून को ठेंगा दिखाकर हर काम कर रही है।

श्री साहू ने कहा कि इंडी गठबंधन राज सत्ता एवं प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। सरकार की मंशा और नियत साफ नहीं है। इंडी गठबंधन की सरकार ने चुनाव में हेरा फेरी के लिए बड़े पैमाने पर पैसे जमा कर रखे हैं। अलग से हेलीपैड बनाकर इसी से पैसा ले जाया और लाया जा रहा है। चुनाव में बड़े पैमाने पर अवैध आर्थिक हेरा फेरी की आशंका है।

उन्होंने कहा कि खेलगांव राज्य सरकार की संपत्ति है। चुनाव कार्य के लिए इसका कैसे इस्तेमाल किया जा रहा है, यह स्पष्ट करना चाहिए। किस आधार पर यहां से हेलीकॉप्टर के टेक ऑफ और लैंड करने की अनुमति मिली, इसकी जानकारी देनी चाहिए। झामुमो को यह बताना चाहिए तो उसने कब एयरपोर्ट अथॉरिटी को हेलीकॉप्टर लैंड करने और टेक ऑफ करने के लिए जगह मांगी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जगह देने से इनकार कर दिया।

श्री साहू ने कहा कि चुनाव में हर पार्टी समय प्रबंधन को लेकर हेलीकॉप्टर से चुनाव प्रचार करती है। हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट से टेक ऑफ करता है और लैंड भी होता है। आज तक अलग हेलीपैड कभी नहीं बनाया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कानून को दरकिनार कर रांची के खेलगांव में अलग से हेलीपैड बना लिया है। वहीं से पार्टी के पदधारी



हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ करते हैं और लैंड करते हैं।

प्रदेश महामंत्री ने कहा कि हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ करने के दौरान सुरक्षा से गुजरना होता है। पूरी तरह चेकिंग की जाती है, लेकिन जेएमएम ने अलग से जो हेलीपैड बनाया है, उसमें अपने चाहते पदाधिकारियों की पोस्टिंग कर दी गई है। वे चेकिंग के दौरान सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं। हेलीकॉप्टर से क्या ले जाया जा रहा है, क्या लाया जा रहा है, इसपर संदेह है।श्री साहू ने कहा कि रांची के डीसी और एसडीओ की मिलीभगत से यह धांधली की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास से एयरपोर्ट की दूरी मात्र 5 किलोमीटर है। खेल गांव से दूरी 8 से 10 किलोमीटर है। इसके बाद भी खेलगांव में अलग से हेलीपैड बनाना संदेह के घेरे में है।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि अधिकारियों को यह बात जान लेनी चाहिए कि सरकार आती जाती है। किसी एक पक्ष में काम नहीं करें। गलत काम का अंजाम हमेशा बुरा होता है। भाजपा के विधि प्रकोष्ठ ने इस पर आपत्ति जताई है। चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी इस मामले में भारत निर्वाचन आयोग से भी शिकायत करेगी।श्री साहू ने कहा कि एयरपोर्ट में बहुत जगह है। हर पार्टी का हेलीकॉप्टर यहीं से टेक ऑफ और लैंड कर रहा है। कई विशेष विमान भी यहां से लैंड और टेक ऑफ कर रहा है। गलत काम करने के उद्देश्य ही खेल गांव में अलग से हेलीपैड बनाया गया है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, मंत्री सरोज कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा भी मौजूद थे।